बरसाने चलिये चलो बरसाने चलिये

बरसाने चलिये चलो बरसाने चलिये,
के होली खेलन राधा रानी संग बरसाने चलिये,
दीवाने चलिये चलो मस्ताने चलिये,
के होली खेलन राधा रानी संग बरसाने चलिये,

सब सखियों संग राधा मिल कर सांवरिया से बोली,
रंग बिरंगे फूलो के संग हम खेले गे होली,
के मारी दे पिचकारी राधा के उस नटखट छलिये,
बरसाने चलिये चलो बरसाने चलिये,

अरे भर कर गुलाल थाल ले आई राज दुलारी,
◌ारे आगे आगे दौड़ रहे है छलियाँ छेल बिहारी,
के रसिया के संग दौड़े ग्वाल बाल गली गली रे,
बरसाने चलिये चलो बरसाने चलिये,

अरे श्याम सखा संग खेलत होली बीच में राधा गोरी,
आये है करतारपुर से खेलन हम भी होली,
के जल्दी जल्दी दिल्ली पौंछ के आगे द्वारे मलिये,
बरसाने चलिये चलो बरसाने चलिये,

सझ धज के सब घर से निकले बना के देखो टोली,
अरे बरसाने में धूम मची है होली है होली,
के आओ सब मिल झूल के राधा नाम के रंग में रंगिये,
बरसाने चलिये चलो बरसाने चलिये,

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/9629/title/barsane-chaliye-chlo-barsane-chaliye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |